www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , शुक्रवार,13 फरवरी 2026

## सुविचार



जो पुस्तकें सबसे अधिक सोचने के लिए मजबूर करती हैं, वही तुम्हारी सबसे बड़ी सहायक हैं।
- जवाहरलाल नेहरू

### बरेली के प्रमुख समाचार


- शहर की पहचान बताने वाले पार्कों की चमक गायब-II
- 68 गांवों के किसानों को मालामाल करेगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे-III
- श्रम कानूनों को समाप्त कर श्रमिक हितों को किया कमजोर-IV


## सिटी ब्रीफ

### नए पाठ्यक्रमों और महाविद्यालयों के लिए समय-सारणी जारी

**बरेली, अमृत विचार :** उच्च शिक्षा विभाग की ओर से शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए बीएड पाठ्यक्रम को छोड़कर नए महाविद्यालयों और संस्थानों की स्थापना, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर अतिरिक्त विषयों तथा पाठ्यक्रमों की शुरुआत के लिए संशोधित समय-सारणी गुरुवार को जारी कर दी गई। कुलसचिव ने बताया कि शासनादेश के तहत ऑनलाइन अनापत्ति प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 18 फरवरी निर्धारित की गई है। अपील की अंतिम तिथि 6 मार्च निर्धारित की गई है। निरीक्षण मंडल गठन 25 मार्च व निरीक्षण आख्या 10 अप्रैल तक प्रस्तुत की जाएगी। विश्वविद्यालयों को 24 अप्रैल तक संबद्धता प्रदान करनी होगी। इसके लिए पोर्टल https://henoc.upsdc.gov.in पर आवेदन किया जाएगा।

### रविवार को भी खुलेगा विश्वविद्यालय

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां के लिए शनिवार और रविवार के अवकाश को निरस्त कर दिया है।

## शहर में आज

- विलय ज्ञान धर्मार्थ संस्था की और से मॉडल टाउन श्री हरि मंदिर बरातघर में लीलाओं का मंचन शाम 7 बजे।
- कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष रोल प्रेषक संजय कुमार अग्रवाल द्वारा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक दोपहर 12 बजे।
- श्री हरमिलाप शिव शक्ति मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शाम 6 बजे।
- दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विंढरमेयर थियेटर फेस्ट में नाटक का मंचन शाम 7 बजे।

## देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में



देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में शहर में जुलूस निकालते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। संबंधित खबर पेज ( IV ) पर। ● अमृत विचार

## बिना लाइसेंस के चल रहा मेडिकल स्टोर पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** औषधि विभाग की टीम ने गुरुवार दोपहर फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र में एक मेडिकल स्टोर छापा मारा। संचालक लाइसेंस संबंधी कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। टीम ने 50 हजार की दवाओं की सीज कर दिया। साथ ही पांच संदिग्ध दवाओं के नमूने भी भरे।

औषधि निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि फतेहगंज पूर्वी के गांव पढ़ेरा में बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर के संचालन की सूचना मिली थी। वह औषधि निरीक्षक अनामिका अंकुर जैन के साथ मौके पर पहुंचे। गांव के रहने वाले देश दीपक सिंह के मेडिकल स्टोर पर दवाओं का अवैध भंडारण मिला। मौके पर दवाओं की बिक्री का लाइसेंस भी नहीं दिखा पाए। लिहाजा, दवाओं को सीज कर दिया। राजेश कुमार के मुताबिक अवैध रूप से भंडारित एलोपैथिक औषधियों की अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये है। दवाओं के नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद कोर्ट में परिवाद दाखिल किया जाएगा।



मेडिकल स्टोर पर जांच करते औषधि विभाग की टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

- 50 हजार की दवाएं सीज, औषधि विभाग की टीम ने की कार्रवाई, पांच दवाओं के भरे नमूने

# किसान नेताओं ने कार चढ़ाने का आरोप लगाकर किया हंगामा

### बहेड़ी के किसान के पैर में चोट आने पर भाकियू पदाधिकारी भड़के, जान-बूझकर कुचलने का आरोप लगाया, पुलिस ने पदाधिकारियों को समझाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट गेट पर गुरुवार को दोपहर में किसानों ने हंगामा कर दिया। धरना-प्रदर्शन कर रहे भाकियू (टिकैत) गुट के किसान को सरकारी कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह जख्मी हो गया। इसके बाद आक्रोशित किसान नेताओं ने हंगामा शुरू कर दिया और आरोप लगाकर सनसनी फैला दी कि किसानों को जान-बूझकर कुचलने की कोशिश की गई है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया और पुलिस अधिकारियों ने किसानों को समझाकर मामला शांत कराया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को रद्द कराने की मांग को लेकर गुरुवार की दोपहर धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन देने पहुंचे भाकियू (टिकैत) के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट गेट पर धरना दे रहे थे। इसी दौरान डिप्टी जेलर की सरकारी गाड़ी लेकर कलेक्ट्रेट में जाने की कोशिश करते समय एक किसान के पैर पर कार का पहिया आ गया। हादसे में बहेड़ी का किसान जख्मी हो गया। इससे भाकियू नेताओं का पारा चढ़ गया और उन्होंने हंगामा करते हुए चालक को पकड़ लिया। मौके पर मौजूद पुलिस ने अनहोनी की आशंका पर चालक को हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले गई। आक्रोशित भाकियू पदाधिकारियों ने सड़क पर बैठकर धरना दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान को कुचलने के इरादे से चालक ने कार चढ़ाने का प्रयास किया। इससे माहौल तनाव पूर्ण हो गया।

हंगामा बढ़ने पर कलेक्ट्रेट चौक पर ट्रैफिक रुक गया। पदाधिकारियों ने जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी जतायी और आरोपी चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। करीब 20 मिनट तक हंगामे के बीच धरना प्रदर्शन चला। कोतवाली इंस्पेक्टर ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर आक्रोशित पदाधिकारियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। काफी देर तक पदाधिकारी कलेक्ट्रेट गेट पर जमे रहे। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देने की बात कही। हालांकि, दोपहर बाद कोतवाली में दोनों पक्षों के लोगों के बीच बातचीत हुई और समझौता कर लिया। इधर, भाकियू के युवा जिलाध्यक्ष सैयद शवावउद्दीन उर्फ मीरान का कहना है कि हम लोग गेट पर धरना प्रदर्शन कर रहे थे, तभी एक चालक ने सरकारी कार बहेड़ी के किसान पर चढ़ाने की कोशिश की। उसे पकड़ने को लिया तो उसने बैक गेर में गाड़ी ले ली, इससे कई किसान चपेट में आने से बच गए। चालक को पुलिस पकड़कर ले गई थी। वहीं, कोतवाली इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम का कहना है कि जेल विभाग की कार की हल्की टक्कर लग गई थी। दोनों पक्षों में आपस में कोतवाली में समझौता हो गया है। किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।



कलेक्ट्रेट गेट के सामने सड़क पर धरना प्रदर्शन करते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी और किसान। ● अमृत विचार

- भाकियू नेता विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट गेट पर धरना दे रहे थे, हो गया हादसा
- डिप्टी जेलर की गाड़ी के चालक को पकड़ा, पुलिस आरोपी को कोतवाली तक ले गयी

### अमेरिका-भारत व्यापार समझौता रद्द कराने को सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की जिला युवा इकाई के पदाधिकारी गुरुवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसान नेताओं ने नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौता किसान विरोधी कदम है। भारत की आत्मा गांव में बसती है।

- भारतीय खेती और डेयरी सेक्टर पर बताया सीधा हमला

अमेरिका की खेती-बाड़ी सब्सिडी व पूरी तरह मशीनीकृत और बड़े कॉर्पोरेट फार्म मॉडल पर आधारित है, अगर भारत में सोयाबीन, मक्का, गेहूं, डेयरी उत्पाद, दालों पर आयात शुल्क घटाता है तो सस्ती अमेरिकी फसल भारतीय मंडियों में आएगी। इससे भारतीय किसान जो पहले ही एमएसपी की लड़ाई लड़ रहा है, वह इस प्रतिस्पर्धा में नहीं टिक पाएगा। अमेरिकी समझौते को भारतीय डेयरी सेक्टर पर सीधा हमला बताया। ज्ञापन देने के दौरान चौधरी शिशुपाल सिंह, सैयद शवावउद्दीन उर्फ मीरान, यामीन मलिक, सलीम मलिक, सतेंद्र सिंह, हाजी एम इकबाल, चौधरी सुधीर, सुनील यादव, पंकज कुमार शर्मा, महाराज सिंह यादव शामिल थे।

# सफलता : पॉलीग्राफी टेस्ट के डर ने खोल दिया दो हत्याओं का राज

कार्यालय संवाददाता, बरेली/भुता

**अमृत विचार :** डेढ़ साल से लापता किशोरी के हत्यारोपी की तलाश में जुटी क्योलड़िया पुलिस को दोहरी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लापता किशोरी की हत्या में शक दायरे में आए युवक को पॉलीग्राफिक टेस्ट के लिए नोटिस जारी किया, लेकिन वह सच खुलने के डर से भागने की फिराक में जुट गया। पुलिस ने सख्ती की तो सच सामने आ गया और किशोरी की हत्या के साथ ही क्षेत्र में नौ साल पहले हुई महिला की हत्या का भी राज फाश हो गया। दोनों ही हत्या आपसी सहयोग से की गई थीं। पुलिस ने पत्नी के हत्यारोपी बंगाली डॉक्टर और उसके सहयोगी को प्रेमिका की हत्या के आरोप में गिरफ्तार करके गुरुवार को जेल भेजा है।

एसएसपी कार्यालय स्थित अपने कार्यालय में गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए एसपी उत्तरी मुकेश कुमार मिश्र ने बताया कि क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव सतवन पट्टी के रहने वाले अजीज अहमद ने 8 जनवरी 2025 को पुलिस शिकायत दर्ज कराई कि उनकी 16 साल की बेटी लापता है। अजीज की शिकायत पर क्योलड़िया पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर तलाश करने लगी। इसी बीच बीते साल सितंबर में कैलाश नदी किनारे गन्ने के खेत में गुथी हुई सिर की चोटी, कपड़े और हड्डियां मिलीं थी। पुलिस ने डीएनए टेस्ट करवाया, उसकी रिपोर्ट में साबित हुआ कि जो अवशेष मिले, वो किसी और के नहीं, बल्कि अजीज की बेटी के ही थे। लड़की के मोबाइल सीडीआर की जांच की गयी तो गांव का ही सलीम हुसैन पुलिस की रडार पर आ गया। किशोरी से उसकी कई बार बात हुई थी। घटना वाली रात भी दोनों की लोकेशन एक ही जगह पर मिली थी।

- महिला और किशोरी की हत्या में बने एक-दूसरे के साझीदार, दोनों गिरफ्तार कर भेजे गए जेल
- डॉक्टर बंगाली ने 9 साल पहले किशोरी के हत्यारोपी की मदद से की थी पत्नी की हत्या



हिरासत में आरोपी और जानकारी देते पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्र।

> सर्विलांस, साइबर सेल व एसओजी की संयुक्त टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले का खुलासा किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है, अन्य पहलुओं की जांच जारी है। पुलिस दोनों मामलों में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी कर रही है।
> – मुकेश कुमार मिश्र, एसपी उत्तरी

### डॉ. बंगाली ने 2017 में की थी पत्नी की हत्या

पुलिस की पूछताछ में डेढ़ साल पहले हुई किशोरी की हत्या का राज खुलने के साथ सलीम के साथी डॉ बंगाली ने भी अपनी पत्नी की हत्या का राज उगल दिया। अमित ने पत्नी रजनी के साथ विवाद के चलते 2017 में सलीम की मदद से उसकी हत्या कर दी थी। वहीं, सलीम ने पुलिस को बताया कि वह अजीज की बेटी को उसके घर से बुलाकर गन्ने के खेत में ले गया था, मगर अजीज ने चोर-चोर का शोर मचा दिया। वह लोग जंगल की तरफ चले गए। उसने अजीज की बेटी को वापस जाने के लिए कहा, मगर वह नहीं मानी। इस पर उसने डॉ. बंगाली के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी थी।

### दोनों आरोपियों का है पुराना आपराधिक इतिहास

एसपी उत्तरी मुकेश कुमार मिश्र ने बताया कि विवाद के चलते अमित उर्फ डॉ बंगाली ने सलीम के साथ मिलकर पत्नी रजनी की कैलाश नदी किनारे गला दबाकर हत्या कर दी और शव दफन कर दिया। इस संबंध में थाना भुता में मामला दर्ज था। सलीम हुसैन (22 वर्ष) पर लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। वर्तमान में वह दो हत्याओं में नामजद है। अमित उर्फ डॉ. बंगाली (मूल निवासी पश्चिम बंगाल) पूर्व में अपहरण व पॉक्सो एक्ट के मामले में नामजद होने के साथ पत्नी की हत्या में भी आरोपी है।

### पॉलीग्राफिक टेस्ट से सता रहा था सच खुलने का डर

पुलिस के सामने किशोरी की गुमशुदगी और उसकी हत्या में सलीम हुसैन की भूमिका स्पष्ट करना बड़ी चुनौती का कार्य था। पुलिस ने कोर्ट से सलीम का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की अनुमति ली। सलीम को नोटिस भेजा गया, मगर पॉलीग्राफ टेस्ट में सच सामने आने का डर उसे सताने लगा। उसे पता चला कि पॉलीग्राफ टेस्ट में नशे का इंजेक्शन लगाया जाता है। इसके बाद इंसान सब सच बता देता है। डर की वजह से वह लापता हो गया। पुलिस सलीम के सारे तार खंगाल रही थी। इस बीच पता चला कि भौआ बाजार के रहने वाले अमित उर्फ बंगाली डॉक्टर के साथ सलीम काम करता था और दोनों पश्चिम बंगाल भागने की फिराक में हैं, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

# नाबालिग बेटियों की गवाही पर पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अवैध संबंध के शक में पत्नी की फरसे से हत्या करने के मामले में थाना भुता के ग्राम अंगदपुर खमरिया निवासी रमेश चन्द्र को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद ने सश्रम आजीवन कारावास और 11 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। मृतका की दो नाबालिग बेटियों ने कोर्ट में अपने पिता के खिलाफ गवाही दी थी।

सरकारी वकील दिगम्बर पटेल व मनोज वाजपेई ने बताया कि वादी मुकदमा उपनिरीक्षक सुभाष सिंह ने थाना भुता में तहरीर दी कि ग्राम प्रधान इंद्रपाल ने बताया कि 19 नवम्बर 2024 की शाम 7 बजे उसके गांव के रमेश चन्द्र ने अपनी पत्नी राजेश्वरी देवी की बांका मारकर हत्या कर दी है। मौके पर जाकर देखा तो मृतका का शव आंगन में चूल्हे के पास पड़ा था। रमेश चन्द्र की पांच नाबालिग लड़कियां हैं। भाई नरेश कुमार अपने परिवार सहित अलग रहता है। मौके पर गांव वाले और राजेश्वरी के मायके वाले भी आ गये थे। मायके वालों से तहरीर के लिए कहा, लेकिन किसी ने 20 नवम्बर 2024 तक तहरीर नहीं दी। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 10 गवाह पेश किये।

- मृतका की दो नाबालिग बेटियों ने अदालत में पिता के विरुद्ध दी थी गवाही
- अवैध संबंध के शक में पत्नी की फरसा मारकर हत्या में कोर्ट ने जुर्माना भी डाला

### नाबालिग संग छेड़छाड़ में दोषी को 2 वर्ष कैद




**बरेली, अमृत विचार :** नाबालिग लड़की (17) को रास्ते में आते वक्त खींचकर अपने घर ले जाकर छेड़छाड़ करने के आरोपी सिरौली थाना क्षेत्र निवासी फुरकान को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-3 देवाशीष ने 2 वर्ष कठोर कारावास व 3500 रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माना न देने पर 1 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के भाई ने थाना सिरौली में तहरीर देकर बताया था कि 9 अगस्त 2022 के 3 बजे बहन ताऊ के घर से अपने घर आ रही थी। रास्ते में मोहल्ले का फुरकान बहन को अपने घर के अन्दर खींच कर ले गया और अश्लील हरकतें करने लगा। पुलिस ने छेड़छाड, पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था, अभियोजन ने 7 गवाह पेश किये।

### भाई के साढ़ू से अवैध संबंध के शक में की थी हत्या

मृतका की दो नाबालिग बेटियों ने अदालत में पिता के विरुद्ध गवाही दी। 14 वर्षीया पुत्री ने बताया कि वह पांच बहनें हैं। घटना के वक्त उसकी मम्मी खाना बना रहीं थी। तभी उसके पापा अचानक फरसा लेकर आये और फरसे को उसकी मम्मी की गर्दन पर मारने लगे। उसकी छोटी बहन (4 वर्ष) घबराकर मम्मी की गोद में चढ़ गयी थी और फरसे से छोटी बहन के हाथ में चोट लग गयी थी। मम्मी मौके पर ही मर गयी थीं। कोर्ट में 4 वर्षीया पुत्री की गवाही भी कोर्ट में हुई। उसने बताया कि तहेरे भाई के मौसा घर पर आते थे। उनकी वजह से माता-पिता में झगड़ा होता था। कटघरे में खड़े रमेश को देखकर कहा कि इन्होंने ही उसकी मम्मी को मारा था, ये उसके पापा है। जब फरसा लगा वह मम्मी की गोद में थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतका पर फरसे से 7 वार किये गये थे।

## एक जिला एक व्यंजन योजना

### इस मिठाई को और प्रसिद्ध करने के लिए विभाग एक करोड़ रुपये खर्च करेगा

# बरेली की बर्फी की ब्रांडिंग को उद्योग विभाग ने खींचा खाका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एक जिला एक व्यंजन योजना के तहत बरेली की बर्फी की ब्रांडिंग के लिए जिला उद्योग केंद्र ने खाका तैयार किया है। इस मिठाई को और प्रसिद्ध करने के लिए विभाग अब इस पर एक करोड़ रुपये खर्च करेगा। स्थानीय स्तर पर पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा देने के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जा सकें। इससे मिठाई से जुड़े कारोबारी को सीधा लाभ जहां होगा वहीं, मिठाई कारीगरों को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे।

दरअसल, एक जिला एक व्यंजन योजना के तहत इस वर्ष बजट में कुल 75 करोड़ रुपये का प्रदेश के लिए प्रावधान किया गया है। योजना के अनुसार प्रदेश के सभी 75 जिलों को एक-एक करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इसी क्रम में बरेली जिले के लिए बर्फी को आधिकारिक व्यंजन के रूप में चयनित किया गया है। बरेली की बर्फी को लेकर आमजन में खासा उत्साह है। कई लोग इसे बॉलीवुड फिल्म बरेली की बर्फी से जोड़कर भी देखते हैं, जिससे इस मिठाई को एक अलग पहचान मिली है।

हालांकि जिला उद्योग विभाग का कहना है कि चयन का मुख्य आधार फिल्म नहीं, बल्कि जिले में बर्फी के उत्पादन, मांग और रोजगार की संभावनाएं हैं। अधिकारियों के अनुसार जिले में बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित मिष्ठान विक्रेता वर्षों से स्वादिष्ट बर्फी तैयार कर रहे हैं, जिसकी मांग पूरे साल बनी रहती है। इससे उत्पादन क्षमता बढ़ाने, आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने, पैकेजिंग सुधारने और बाजार विस्तार जैसे कदम उठाए जा सकते हैं।



- मिठाई कारोबारियों को योजना से पहुंचेगा लाभ
- बर्फी बनाने वाले कारीगरों को भी मिलेगा रोजगार

> एक जिला एक व्यंजन योजना के तहत कारोबारियों को सीधा लाभ होगा। इसके लिए एक करोड़ रुपया आवंटित किया गया है। शासन एसओपी तैयार कर रहा है। इसके बाद साफ होगा कि आवंटित बजट का उपयोग किस तरह किया जाएगा। हालाकि, बर्फी बनाने वाले कारीगरों को पहले से ही विश्वकर्मा योजना के तहत हलवाई श्रेणी में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
> – विकास यादव, उपायुक्त, जिला उद्योग केंद्र

### उत्पादन से पैकेजिंग तक होगा विस्तार

योजना के तहत प्राप्त धनराशि का उपयोग बर्फी निर्माण से जुड़े कारीगरों और व्यापारियों को प्रोत्साहित करने में किया जाएगा। संभावित कदमों में उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराना होगा। साथ ही पैकेजिंग और ब्रांडिंग में सुधार, मार्केटिंग नेटवर्क का विस्तार, गुणवत्ता मानकों को बेहतर बनाना होगा। इन पहलों से बरेली की बर्फी को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर एक संगठित ब्रांड के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

### रुहेलखंड विश्वविद्यालय कर रहा शोध

इतना ही नहीं एक जिला एक व्यंजन योजना में इस पहल को शैक्षणिक स्तर पर भी काफी समर्थन मिल रहा है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से बर्फी से संबंधित शोध किया जा रहा है। इसके पीछे विश्वविद्यालय की मंशा है कि इसके इतिहास, गुणवत्ता, उत्पादन तकनीक और बाजार संभावनाओं का अध्ययन किया जा सके। यदि योजना प्रभावी ढंग से लागू होती है तो इससे इस क्षेत्र में कार्यरत लोगों की आय बढ़ने, नए उद्यम शुरू होने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलने की संभावना है।

## जुबैदा-जुबैदी से बिलासनगर भुता मार्ग के लिए 42 करोड़ मंजूर

**बरेली, अमृत विचार :** जर्जर जुबैदा-जुबैदी से बिलासनगर भुता मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का रास्ता साफ हो गया है। जिले में 17 किमी लंबे इस मार्ग के लिए वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। यह परियोजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत राज्य सड़क निधि के अंतर्गत स्वीकृत की गई है, जिसमें कुल लागत लगभग 42 करोड़ 49 लाख 66 हजार रुपये है।

इस धनराशि से सड़क चौड़ीकरण, सुधार और बेहतर यातायात सुविधा के लिए आवश्यक कार्य किए जाएंगे। पहली किस्त के तौर पर 4.15 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। चीफ इंजीनियर अजय कुमार ने बताया कि यह सड़क न केवल स्थानीय परिवहन के लिए उपयोगी होगी, बल्कि आर्थिक विकास में भी सहायक साबित होगी।

# शहर की पहचान बताने वाले पार्कों की चमक गायब

## स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत नगर निगम ने गांधी उद्यान और अक्षर विहार को संवारने में खर्च किए गए थे 14.84 करोड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी परियोजना का सच चमकती लाइटों और रंगीन फव्वारों के दावों से बाहर निकलकर जमीनी हकीकत में नजर आने लगा है। कभी शहर की पहचान बनाने वाले गांधी उद्यान और अक्षर विहार पार्क उपेक्षा का शिकार होकर लोगों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। नगर निगम ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत इन दोनों पार्कों को संवारने पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन अनदेखी के चलते पार्कों में जुटाई गईं सभी अत्याधुनिक उपकरण बेकार हो चुके हैं। नगर निगम के अफसर भी इन पार्कों के पुनः सौंदर्यीकरण से मुंह चुराने लगे हैं। हालात यह हो चले हैं कि अब लोगों ने यहां पर आना छोड़ दिया है।

नगर निगम ने शहर के दोनों प्रमुख पार्कों गांधी उद्यान और अक्षर विहार को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के नाम पर 14.84 करोड़ रुपये खर्च किए थे, अब स्थिति बदहाल है। हालात यह हैं कि करोड़ों की लागत से लगाए गए सिस्टम ठप पड़े हैं। अक्षर विहार में 8.37 करोड़ रुपये से स्थापित मल्टीमीडिया लेजर फाउंटेन को शहर का नया आकर्षण बताया गया था। उद्घाटन के समय इसकी खूबियां गिनाई गईं थीं, मगर अब न लेजर शो चलता है, न पानी की धार उठती है। शाम के वक्त परिवार और युवा जब उम्मीद लेकर पहुंचते हैं तो उन्हें बंद गेट जैसा सन्नाटा मिलता है।

कुछ इसी तरह गांधी उद्यान की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। यहां 1.64 करोड़ रुपये की लागत से तैयार म्यूजिकल फाउंटेन और साउंड सिस्टम महीनों से निष्क्रिय पड़े हैं। न संगीत की गूंज सुनाई देती है, न रंगीन रोशनी दिखती है। दोनों पार्क के सौंदर्यीकरण पर 83 लाख रुपये और अक्षर विहार के रेन्यूवेशन पर चार करोड़ रुपये अलग से खर्च किए गए, लेकिन रखरखाव की समुचित योजना बनाना शायद किसी की प्राथमिकता में नहीं था। महंगे उपकरण खुले में पड़े-पड़े खराब हो रहे हैं व तकनीकी सिस्टम जंग की भेंट चढ़ रहे हैं। इधर, अधिकारियों ने कार्यदायी एजेंसियों को नोटिस जारी करने की औपचारिकता निभाई है, लेकिन धरातल पर सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ। करोड़ों की सार्वजनिक धनराशि से तैयार ढांचा शोपीस बनकर रह गया है।

**8.37** करोड़ में अक्षर विहार में मल्टी मीडिया लेजर सिस्टम, फाउंटेन लगा

**7.59** करोड़ पुरानी जेल में लाइट एंड साउंड शो लगा

**85** लाख में गांधी उद्यान में म्यूजिकल सिस्टम लगा

**79** लाख में म्यूजिक फाउंटेन लगा

**4.09** करोड़ में अक्षर विहार का रेन्यूवेशन हुआ

**83** लाख में गांधी उद्यान का ब्यूटीफिकेशन किया


अक्षर विहार पार्क में खराब पड़ा लेजर फाउंटेन। ● अमृत विचार


गांधी उद्यान में भी खराब है लेजर फाउंटेन। ● अमृत विचार


अक्षर विहार में लेजर फाउंटेन और लाइटिंग सिस्टम बंद हैं। करोड़ों रुपये खर्च हुए, लेकिन पार्क की सुविधाएं निष्क्रिय हैं। परिवार और बच्चे निराश होकर लौटते हैं। स्मार्ट सिटी के दावे सिर्फ दिखावे के लिए हैं, वास्तविकता में जनता को कोई सुविधा नहीं मिल रही। यह पूरी तरह लापरवाही है। – जनिष्ठा सहगल


अक्षर विहार के लेजर फाउंटेन और गांधी उद्यान के म्यूजिकल फाउंटेन महीनों से बंद पड़े हैं। पार्कों की सुंदरता को बनाए रखने के लिए कोई रणनीति नहीं है। स्मार्ट सिटी सिर्फ दिखावा सिटी है। अधिकारियों का काम सिर्फ उद्घाटन करना और दिखावा करना ही रह गया है। –दीपक

गांधी उद्यान और अक्षर विहार पार्क में लगे म्यूजिकल फाउंटेन और साउंड सिस्टम आदि को जल्द ही ठीक कराया जाएगा। चूंकि दोनों परियोजनाओं में लगे उपकरणों को गारंटी अवधि खत्म हो चुकी है, इसलिए नए सिरे से मरम्मत आदि का प्रस्ताव तैयार कर मांगा गया है। **–संजीव कुमार मौर्य**, सीईओ स्मार्ट सिटी


गांधी उद्यान का म्यूजिकल फाउंटेन महीनों से काम नहीं कर रहा। पार्क की खूबसूरती बढ़ाने के लिए पैसा खर्च हुआ, लेकिन रखरखाव नहीं। अधिकारी सिर्फ उद्घाटन और फोटो खिंचवाने तक सीमित रहे। जनता की सुविधा पूरी तरह नजरअंदाज की गई है। यह निराशाजनक और अपमानजनक है। –पुनीत यादव


पार्कों की सुंदरता बनाए रखने के लिए कोई योजना नहीं। अक्षर विहार और गांधी उद्यान दोनों पार्कों की हालत खराब है। करोड़ों रुपये खर्च हुए, लेकिन सिस्टम बंद हैं। लोग निराश होकर लौटते हैं। यह सीधे जनता के पैसे की बर्बादी और प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। – मिशिका कपूर

## सिटी ब्रीफ

### घर में घुसकर हिस्ट्रीशीटर ने की महिला से अभद्रता, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** एक महिला ने हिस्ट्रीशीटर व उसके परिजनों पर घर में घुसकर अभद्रता करने, जान से मारने की धमकी देने और मकान पर कब्जे के प्रयास का आरोप लगाया है। सीबीगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के जौहरपुर गांव निवासी सुनीता देवी ने बताया कि वह विधवा हैं। 9 फरवरी को वह घर पर अकेली थीं। आरोप है कि तभी हिस्ट्रीशीटर नरेश गुप्ता, उसके तीन बेटे जितिन गुप्ता, रोहित गुप्ता, आकाश गुप्ता, नरेश की पत्नी सीमा गुप्ता घर में दीवार तोड़ कर घुस आए। गाली गलौज कर मकान से निकालने का प्रयास करने लगे। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। सीबीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कॉलेज प्रबंधक को दी जान से मारने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** एक कॉलेज प्रबंधक ने चाचा से जान का खतरा बताते हुए पुलिस से शिकायत की है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसके कॉलेज पर कब्जा करना चाह रहे हैं। सुभाषनगर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गंगानगर कॉलोनी निवासी शिप्रा पाल ने बताया कि वह रामप्यारी इंटर कॉलेज की प्रबंधक हैं। उनके चाचा केंद्र पाल निवासी करगैना उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं। पिता की मौत के बाद मां सरिता रानी और 9 साल का भाई चिराग अकेले रहते हैं। आरोप है कि पिता की मौत के बाद से ही उन्हें लगातार परेशान कर गाली गलौज की जा रही है। जान से मारने की धमकी देकर स्कूल पर कब्जा करने की बात कही जा रही है। पुलिस ने केंद्र पाल और अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बार चुनाव मंडल ने सचिव को दिया आय-व्यय का ब्योरा

**विधि संवाददाता, बरेली :** बरेली बार एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव में हुए आय–व्यय का विवरण चुनाव मंडल ने गुरुवार को बार सचिव दीपक पाण्डेय को दिया। साथ ही शेष रकम सौंप दी। मुख्य चुनाव अधिकारी राजीव जयपति ने बताया कि विभिन्न पदों के प्रत्याशियों से नामांकन शुल्क के रूप में कुल 10,03,500 रुपये प्राप्त हुए। जिसमें से 5,44,898 रुपये का खर्चा हुआ। शेष 4,58,602 रुपये आय–व्यय आख्या के साथ बार सचिव को सौंप दिये। साथ ही चुनाव मंडल ने चुनाव से प्राप्त राशि को बार सभागार की साज–सज्जा के लिए खर्च करने का भी अनुरोध किया है।

# पशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली


सम्मेलन में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किए डॉ. त्रिवेणी दत्त व अन्य।

- **आईवीआरआई में 26 वां इंडियन वेटरनरी कांग्रेस व आईएएवीआर वार्षिक सम्मेलन शुरू**

**अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में 26 वां इंडियन वेटरनरी कांग्रेस और 33 वां इंडियन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ वेटरनरी रिसर्च (आईएएवीआर) वार्षिक सम्मेलन गुरुवार से शुरू हो गया। इस मौके पर 'वैश्विक परिप्रेक्ष्य में पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन में प्रगति एवं उभरती प्रवृत्तियां' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। पशु चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. राघवेंद्र भट्ट, उप महानिदेशक, पशु विज्ञान ने पशु स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और उभरती चुनौतियों पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक देश में दुग्ध उत्पादन लगभग 300 मिलियन मीट्रिक टन और वर्ष 2047 तक 600 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंचने का लक्ष्य है, जिसके लिए पशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने खुरपका-मुंहपका, पीपीआर आदि बीमारियों से होने वाले आर्थिक नुकसान का हवाला देते हुए प्रभावी टीकाकरण व अनुसंधान की प्राथमिकता बताई।

विशिष्ट अतिथि पूर्व निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने आईवीआरआई की 136 वर्षों की उपलब्धियों को सराहा और कहा कि संस्थान ने अनुसंधान, शिक्षा, नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अब तक 100 से अधिक आईपीआर पंजीकृत कराए गए, 142 आईसीटी टूल्स विकसित किए गए और 47 प्रौद्योगिकियों का व्यावसायीकरण किया गया है। आईवीआरआई के संस्थापक सचिव डॉ. ऋक्षेन्द्र वर्मा ने कहा कि पशु विज्ञान के क्षेत्र में कई विद्वानों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पदों पर कार्य करते हुए अनुसंधान, नियामक ढांचे एवं जैविक उत्पादों के मानकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. एस. एन. सिंह ने कहा कि पशुचिकित्सा विज्ञान का प्रभाव केवल पशु स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय विकास से सीधे जुड़ा हुआ है। आयोजन सचिव डॉ. रविकांत अग्रवाल ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। समारोह में वरिष्ठ वैज्ञानिक और अधिकारी मौजूद रहे।

### गोलगप्पे न खिलाने पर सालों पर किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** एक शादी में गोलगप्पे न खिलाने पर जीजा ने साथियों के साथ मिलकर सालों के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के रावण वाली गली निवासी सनी कुमार ने बताया कि मंगलवार रात वह परिवार के लोगों के साथ दोस्त की शादी में एक होटल में गए। वह भाई अमित कुमार के साथ गोलगप्पे खा रहे थे। आरोप है कि वहां पर शेखर, सरवन, दीपू और उनके जीजा गौरव आ गए। वह उनसे कहने लगे कि गोलगप्पे खिलाओ, इसपर उसने कहा कि मैं वेटर नहीं हूं। आरोपी गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को बुलाकर लाठी डंडों और रॉड से हमला कर दिया। जिसमें वह और उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। किला पुलिस ने शेखर, सरवन, दीपू और गौरव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एसपी ट्रैफिक की दो टूक, पार्किंग चिह्नित स्थान पर कराएं या भुगतें चालान

कार्यालय संवाददाता, बरेली


होटल और बरातघर संचालकों के साथ बैठक करते पुलिस–प्रशासनिक अफसर।

- **अफसरों ने ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर होटल और बरातघर संचालकों के साथ की बैठक**

**अमृत विचार :** ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे और पुलिस अधीक्षक यातायात मोहम्मद अकमल खान ने होटल और बरात घर संचालकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की, जिसमें एसपी ट्रैफिक ने दो टूक कहा कि पार्किंग चिन्हित स्थान पर कराने का काम करें या फिर चालान भुगतने के लिए तैयार रहें।

अपर जिलाधिकारी नगर ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर किए जाने के उद्देश्य से व्यापारियों के मालिकों से सहयोग की अपील की। साथ ही कहा कि बरात घरों के बाहर जाम न लगने दें, डीजे बजाने का जो समय निर्धारित है, उसका ध्यान रखें। कहा कि अक्सर देखने में आता है कि बैंक्वेट हाल की सजावट गैलरी टाइप बनाकर रोड तक करवा दी जाती है, जिससे अव्यवस्था उत्पन्न होती है। बरातघर अपनी निर्धारित क्षेत्रफल में ही सजावट का कार्य करें। होटल और बैंक्वेट हाल का इंफ्रास्ट्रक्चर, अग्निशमन की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की सुरक्षा, लिफ्ट की सक्रियता की जांच भी कराएं। पुलिस अधीक्षक यातायात ने कहा कि ट्रैफिक और रोड सेफ्टी अकेले पुलिस-प्रशासन सही नहीं कर सकता है, इसमें आपके सहयोग की आवश्यकता है। बताया कि पीलीभीत बाईपास, बदायूं रोड पर अधिक बरातघर होने के कारण आपकी सुविधा के लिए पुलिसिंग बढ़ाई गयी है। बरात बीच रोड पर न चले, इसका ध्यान रख जाए, ताकि आवागमन बाधित न हो। इसके लिए आप वैवाहिक सीजन पर वालंटियर की नियुक्ति भी कर सकते हैं, जिससे आवागमन सुगम रहे।

# एयर इंडिया में नौकरी लगवाने के नाम पर चार से 23 लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जालसाजों ने बीटेक पास तीन युवकों और एक युवती को बनाया शिकार**

**अमृत विचार :** जालसाजों ने एयर इंडिया में नौकरी लगवाने का झांसा देकर बीटेक पास तीन युवकों और एक युवती से साढ़े 23 लाख रुपये की ठगी कर ली। एक पीड़ित ने इज्जतनगर थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के तुलाशेरपुर निवासी देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उसने कोतवाली क्षेत्र के निगम वाली गली निवासी विशाल ने बीटेक साथ साथ पास किया था। इसके चलते उसकी विशाल से पुरानी जान पहचान थी। विशाल ने बताया कि बीटेक पूरा करने के बाद उसकी एयर इंडिया में नौकरी लग गई है। इस पर उसने कहा कि एयर इंडिया में कोई जगह खाली हो तो उसे भी बता देना। विशाल ने कहा कि एयर इंडिया में एसोसिएट की जगह खाली है। उसने कहा कि वह उसकी नौकरी लगवा देगा, जिस पर उसने अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र विशाल को दे दिए। उसके बाद उसने एक फार्म भरवाया। फार्म भरवाने और अन्य खर्च के नाम पर उससे 11 लाख रुपये ले लिए। कुछ समय बाद उसने कहा कि इस समय काफी पद पर नौकरी आई हुई है। अगर किसी और की नौकरी लगनी हो तो वह लगवा देगा। इसके बाद उसने अपने छोटे भाई विनीत, चचेरे भाई अनमोल गौतम और अपनी दोस्त वैशाली यादव निवासी तुलाशेरपुर के शैक्षिक और मूल प्रमाण पत्र दे दिए। सभी लोगों के फार्म भरने के बाद उसने तीन बार अपने निवास पर बुलाया। आरोपियों ने कई बार में उनसे साढ़े 23 लाख रुपये से ज्यादा रकम ले ली। फिर उन्हें फर्जी ऑफर लेटर पकड़ा दिए। उन्होंने जब एयर इंडिया के दफ्तर में संपर्क किया तो उन्हें पता लगा कि इस तरह की कोई नौकरी के लिए भर्ती नहीं निकाली गई है। इज्जतनगर पुलिस ने दयाशंकर, विशाल, विपिन, सोनू, अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### 422 लोगों से करोड़ों लेकर कन्हैया गुलाटी फरार

**बरेली, अमृत विचार :** हजारों लोगों से कई सौ करोड़ रुपये की ठगी करने वाले कन्हैया गुलाटी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब बाराबंकी के 422 लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर कन्हैया गुलाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जिला बाराबंकी के थाना कोतवाली नगर के गांव बड़ेल निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि उसने कैनविज कंपनी में 35 लाख रुपये निवेश किए थे। इसके बाद अन्य 422 लोगों ने भी कैनविज कंपनी में करोड़ों रुपये निवेश किए थे। कंपनी का मालिक कन्हैया गुलाटी सभी का पैसा लेकर भूमिगत हो गया। अब कन्हैया गुलाटी पुलिस से शिकायत करने और पैसा वापस मांगने पर व्हाट्सएप कॉल पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। उन्होंने एसएसपी से लेकर बारादरी थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। बारादरी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कैनविज कंपनी के मालिक हिस्ट्रीशीटर कन्हैया गुलाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### एलआईसी में निवेश करने के नाम पर 4.50 लाख हड़पने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** एलआईसी में निवेश करने के नाम पर युवक से 4 .50 लाख रुपये हड़प लिए। पैसे देने के बाद निवेश की जानकारी मांगी तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने एलआईसी शाखा के विकास अधिकारी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के मुंशीनगर फेज 2 निवासी संजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि न्यू शक्तिनगर कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार मिश्रा और उनकी पत्नी ऊषा देवी उनकी परिचित हैं। दोनों लल्ला मार्केट की एलआईसी शाखा के विकास अधिकारी आरके अवस्थी के अधीन कार्यरत हैं। आरोप है कि 11 जून को ये लोग उनके आवास पर आए और कहा कि अगर वे उनके बताए अनुसार निवेश करते हैं तो उसे मूल्य बाजार से अधिक लाभांश मिलेगा। कहा कि अगर पर्याप्त धनराशि नहीं है तो वह अपनी पालिसी से लोन लेकर निवेश कर सकते हैं। इसपर उसने अपनी एक पॉलिसी से 1 लाख 38 हजार और दूसरी पॉलिसी से 60 हजार 500 का लोन ले लिया। जबकि अपने पास से 2 लाख रुपये का चेक लगाया। वहीं एक बार में 50 हजार रुपये का चेक दिया। सभी पैसे उसने कात्यायनी ट्रेडर्स के खाते में जमा कराए। आरोपियों ने कहा कि सभी रुपये अपडेट होने के बाद निवेश संबंधी अभिलेख उपलब्ध करा दिए जाएंगे। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी उसे कोई दस्तावेज नहीं दिए गए। पूछने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। इज्जतनगर पुलिस ने नरेंद्र कुमार मिश्रा, ऊषा देवी मिश्रा, एलआईसी शाखा के विकास अधिकारी आरके अवस्थी और कात्यानी ट्रेडर्स के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस की मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा की शुरुआत आज से



प्रेसवार्ता में जानकारी देते कांग्रेस नेता। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा की शुरुआत शुक्रवार को ग्राम करेली स्थित जनसेवा अस्पताल से दोपहर 2 बजे होगी। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने बताया कि पदयात्रा विभिन्न मार्गों से निकलते हुए चौकी चौराहा स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर संपन्न होगी। इस संबंध में गुरुवार को पदयात्रा के पर्यवेक्षक ओमकार सिंह की ओर से चौकी चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा के पास प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। जिलाध्यक्ष अशफाक सकलैनी, महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने भी विचार रखे। सुबोध जौहरी, पूनम दीप एडवोकेट, कमरुद्दीन सैफी, रमेश श्रीवास्तव, साहिब सिंह, मोबिन अंसारी, उल्फत सिंह कठेरिया, महेंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

# बुलेट सवार ने साइकिल को मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पीलीभीत बाईपास पर गुरुवार की शाम हुआ हादसा**
- **लोगों ने बाइक सवार को पकड़कर पुलिस को सौंपा**

**अमृत विचार :** गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने गुरुवार की शाम साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इसमें साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद भागने का प्रयास कर रहे बाइक सवार को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बाइक सवार को हिरासत में लेकर जांच शुरु कर दी है।

थाना बारादरी क्षेत्र के एजाजनगर गौटिया निवासी कौसर अली (58 वर्ष) साइकिल से फल की फेरी करते थे। वह गुरुवार की शाम फेरी करने के बाद साइकिल से घर लौट रहे थे। वह पीलीभीत बाईपास के तुलसीनगर मोड़ पर पहुंचे तभी एक गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बुलेट सवार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साइकिल सवार बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं टक्कर के बाद बाइक सवार भी संतुलन खो बैठा और डिवाइडर पर लगे खंभे से जा टकराया। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर थाना बारादरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बाइक सवार युवक को मौके से हिरासत में ले लिया है और बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

**राहत**

**आंवला के बड़ा गांव में नया सब स्टेशन शुरू, सीबीगंज और लोहिया विहार की लाइन को आपस में जोड़ा**

# 40 हजार उपभोक्ताओं को मिली बेहतर बिजली आपूर्ति की सौगात

कार्यालय संवाददाता, बरेली


पटेल चौराहे के पास अंडर ग्राउंड केबल डालने को पोल हटाते कर्मी। (फाइल फोटो)


शहर से लेकर देहात तक में बिजली नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। आंवला के बड़ा गांव का सबस्टेशन शुरू हो गया है। फरीदपुर में लिंक लाइन का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही सीबीगंज और लोहिया विहार सबस्टेशन को आपस में कनेक्ट किया गया है, जिससे बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सके। –ज्ञान प्रकाश, मुख्य अभियंता।

**अमृत विचार :** पिछले साल के बिजली संकट को देखते हुए इस बार मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति देने के लिए सर्दी की शुरुआत से ही योजना बनाकर काम शुरू करा दिए थे। इसका असर अब दिखने लगा है। किला और सुभाषनगर की बिजली समस्या समाप्त करने के बाद अब ग्रामीण क्षेत्र में भी होली से पहले बिजली नेटवर्क को मजबूत किया गया है। इससे 40 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को गर्मी में बिजली की किल्लत से परेशान नहीं होना पड़ेगा।

बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने गुरुवार को बताया कि आंवला का बड़ा गांव बिजलीघर भी शुरू हो गया। इसके शुरू होने से पुन्नापुर, बरसेर, अलीगंज उपकेंद्र का लोड कम होगा। इससे ग्रामीण उपभोक्ताओं को लाभ मिलने के साथ बिजली कटौती से राहत मिलेगी। वहीं आरडीएसएस योजना के तहत ही फरीदपुर में 12.5 किमी 33 केवी लाइन डाली गई है। इसके जरिये 220/33 केवी फरीदपुर उपकेंद्र से पड़ेरा फीडर को ऊर्जीकृत कर दिया गया है। अब तक यह फरीदपुर तहसील के 33/11 केवी उपकेंद्र से जुड़ा था, जो ओवरलोड था। नई लाइन बिछ जाने से इस फीडर से जुड़े 3,500 उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलने लगी है।

सीबीगंज और लोहिया विहार में आए दिन लोकल फाल्ट की समस्या बनी रहती है। गर्मी का सीजन शुरू होने से पहले विद्युत विभाग इस समस्या का स्थायी समाधान कराने के लिए सीबीगंज से लोहिया विहार को लिंक लाइन से जोड़ने के लिए दो किमी का अलग से अंडरग्राउंड लाइन बिछवा रहा है। सीबीगंज में 25 हजार तो लोहिया विहार में चार हजार उपभोक्ता हैं। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लाइन बिछवाई जा रही है। लिंक लाइन से दोनों उपकेंद्र जुड़ जाएंगे। एक तरफ फाल्ट होने पर दूसरी तरफ की लाइन से जोड़कर तत्काल आपूर्ति सुचारू करा दी जाएगी।

### महाशिवरात्रि पर मिलेगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश की तरफ से महाशिवरात्रि पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति को लेकर गुरुवार को अधिशासी अभियन्ता / उपखंड अधिकारियों के साथ महाशिवरात्रि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने को लेकर वीडियो कान्फ्रेसिंग की। उन्होंने महाशिवरात्रि के दिन एवं उससे पूर्व संध्या से ही सभी प्रमुख मंदिरों, कांवड़ मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में रोस्टर–फ्री बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। वहीं अधिकारियों को कांवड़ यात्रा मार्गों पर ढीले तारों को कसने और नीचे लटकते विद्युत तारों को ऊंचा करने के निर्देश दिये। नाथ नगरी के प्रमुख 7 मंदिरों अलखनाथ, त्रिवटीनाथ, धोपेश्वरनाथ, पशुपतिनाथ के आसपास अतिरिक्त परिवर्तक की व्यवस्था रखने और जर्जर तारों को तुरंत बदलने के निर्देश दिये। अधीक्षण अभियन्ताओं को अपने–अपने क्षेत्रों में कार्यों की निगरानी करने तथा अधिशासी अभियन्ताओं को स्थानीय प्रशासन और मन्दिर समितियों के साथ संपर्क बनाए रखने को कहा गया है। वही नगरीय अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह ने बेहतर बिजली आपूर्ति को लेकर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

## सिटी ब्रीफ

### बसंत चतुर्वेदी बने डीसीजेसीएम एवं एनसीजेसीएम के सदस्य



**बरेली, अमृत विचार :** एनई रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री बसंत चतुर्वेदी को डीसीजेसीएम एवं एनसीजेसीएम का सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है। बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि भारत सरकार के साथ सभी केंद्रीय कर्मचारियों के साथ संपन्न होने वाली सभी बैठकों में नरमू के महामंत्री को भी रेलवे बोर्ड की ओर से नामित किया गया है। चतुर्वेदी ने बताया कि अब एनई रेलवे जोन की सभी उचित मांगों को डीसी/एनसी जेसीएम की बैठक में प्रमुखता से उठाया जाएगा। आगे कहा कि 16 और 17 फरवरी को होने वाली बैठक में भी कर्मचारियों के तमाम मुद्दों को उठाया जाएगा।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की एनएसएस छात्रा इकाई प्रथम, द्वितीय और तृतीय की ओर से तीसरा एक दिवसीय शिविर गुरुवार को आयोजित किया गया। जिसमें एनएसएस छात्राओं की ओर से नृत्य एवं गीत की प्रस्तुतियां दी गईं। पर्यावरण विज्ञान विभाग के डॉ. जसपाल सिंह ने पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान दिया। एनएसएस वॉलंटियर्स की ओर से बरेली कॉलेज परिसर और बस्ती में पर्यावरण संरक्षण पर रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमिता गुप्ता, डॉ. अजिता सिंह तिवारी, डॉ. शीतल गुप्ता, पर्यावरण बाबा रामवीर शर्मा, शोध छात्र मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### चाइनीज मांझे से किया सचेत

**बरेली, अमृत विचार :** एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर का बृहस्पतिवार को आयोजन हुआ। एनएसएस वॉलिंटियर्स ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत विद्यालय व आसपास के क्षेत्र की सफाई की। प्रधानाचार्य तौकीर सिद्दीकी ने सेवा के माध्यम से शिक्षा के साथ युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम अधिकारी फरहान अहमद ने चाइनीज मांझा के बारे में बताते हुए कहा कि यह देशभर में जानलेवा खतरा बन गया है। डॉ. मेहंदी हसन ने भी चाइनीज मांझे के संबंध में जानकारी दी। अलबख्श खान, मोहम्मद अयान, अजय सिंह, समद कुरैशी, रोहिद अली, विक्की, बाबू आदि मौजूद रहे।

# 68 गांवों के किसानों को मालामाल करेगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे

## एक्सप्रेस-वे बहेड़ी व नवाबगंज तहसील के 34-34 गांवों से होकर गुजरेगा, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी ने भूमि अर्जन को गांवों का किया चयन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** पश्चिम-पूरब के बीच कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए शामली से गोरखपुर तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जा रहा है। यह एक्सप्रेस-वे जनपद के 68 गांवों से होकर गुजरेगा। सैकड़ों हेक्टेयर भूमि अर्जन होने से एक्सप्रेस-वे तहसील बहेड़ी और नवाबगंज के 68 गांवों के किसानों को मालामाल करेगा। कई हजार किसानों को भूमि अर्जन होने पर अरबों रुपये मिलेगा। जिन गांवों से होकर गुजरेगा, वहां भविष्य में रोजगार के रास्ते भी खुल सकेंगे।

एनएचएआई का पत्र मिलने के बाद बतौर सक्षम अधिकारी नामित होने पर विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी देश दीपक सिंह ने गांवों का चयन किया है। पहले चरण की कार्रवाई शुरू हो गई है।

दरअसल, करीब सात सौ किलोमीटर लंबे ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना का निर्माण आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस और गंगा एक्सप्रेस-वे को आपस में जोड़ने के लिए किया जा रहा है। 6 लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बरेली सहित यूपी के 22 जिलों से गुजरेगा। पिछले साल दिसंबर में एनएचएआई को दिल्ली स्थित मुख्यालय से एलाइनमेंट की मंजूरी मिल गई थी। पहले चरण में शामली से पुवायां तक करीब 350 किमी सड़क का निर्माण होगा। फिर बरेली जनपद में एक्सप्रेस-वे प्रवेश करेगा। दिसंबर में एनएचएआई की ओर से जिन गांवों की सूची विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय भेजी गयी, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी की जांच के बाद सूची एनएचएआई को भेज दी गयी। एक्सप्रेस-वे के निर्माण से बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर आदि के लोगों का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सीधे जाने का रास्ता खुल जाएगा। इधर, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी एवं एडीएम जे देश दीपक सिंह ने बताया कि यह एक्सप्रेस-वे बरेली की दो तहसीलों में बहेड़ी और नवाबगंज से होकर गुजरेगा। कुल 68 गांवों का चयन किया गया है। मीरगंज तहसील के गांव इसमें शामिल नहीं होंगे। गांवों की प्रारंभिक रिपोर्ट एनएचएआई के बरेली निदेशक को जांच के बाद भेजी जा चुकी।

### ऐसे गुजरेगा यह एक्सप्रेस-वे

बताते हैं कि यह एक्सप्रेस-वे शामली से शुरू होकर मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, रामपुर होते हुए बरेली में बहेड़ी तहसील में दाखिल होगा। इसके बाद नवाबगंज तहसील की सीमा में पहुंचेगा। यहां से पूरनपुर और बीसलपुर तहसील क्षेत्र से होते हुए शाहजहांपुर के पुवायां तहसील फिर लखीमपुर खीरी होते हुए कई अन्य जिलों से गुजरते हुए गोरखपुर तक जाएगा। यह प्रदेश के कुल 22 जनपदों से होकर गुजरेगा। पहले तीन तहसीलों के गांव शामिल होने की बात सामने आई थी।

### इन गांवों की भूमि का होगा अर्जन

ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेस-वे में नवाबगंज तहसील के गजरौला, सतुइया खुर्द, इनायतपुर, धौनेरा, जिगिनया, नवदिया, खाता, खटुआ, बरखन, अभय राजपुर, अधकटा रब्बानी बेगम, नवादा इकरामुल्लाह, हथेली, सिठौरा, ढकिया बरकली, डंडिया सफदरअली, तिगरी, नकटी नारायनपुर, धानौर जागीर, नवदिया मोती राम, नौगवां भगतापुर, जारपा मोहनपुर, मुड़िया मलूकपुर आदि 34 गांव शामिल हैं, जबकि बहेड़ी तहसील के खमरिया, पंडरी, परेवा, कनकपुरी, मवई काजियान, सिसई, परसरामपुर सहित 34 गांव शामिल हैं।

## बरेली-मथुरा मार्ग रहेगा चार लेन, छह लेन के विस्तार पर ब्रेक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सांसद नीरज मौर्य के पूछे सवाल पर लोकसभा में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया स्पष्ट



**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग-530बी) को छह लेन में विस्तारित करने की मांगों के बीच केंद्र सरकार ने फिलहाल इस पर विराम लगा दिया है। लोकसभा में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने स्पष्ट किया कि इस राजमार्ग को छह लेन बनाने का कोई प्रस्ताव वर्तमान में सरकार के विचाराधीन नहीं है।

उन्होंने बताया कि मार्ग पर चार लेन चौड़ीकरण का कार्य निर्धारित खंड-किलोमीटर 179 500 से 218 000 तक प्रगति पर है। इसके साथ ही भमोरा-देवचारा-खेड़ा संयुक्त बाईपास का निर्माण भी जारी है, जिसका उद्देश्य स्थानीय आबादी को जाम और भारी वाहनों के दबाव से राहत देना है। सरकार का कहना है कि मौजूदा परियोजनाएं पूरी होने के बाद यातायात की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह मामला तब चर्चा में आया जब सांसद नीरज मौर्य ने सदन में क्षेत्र से जुड़े कई मुद्दे उठाए। उन्होंने आंवला तहसील में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को मुआवजा वितरण की स्थिति, भमोरा-आंवला मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिए सर्विस रोड और अंडरपास निर्माण तथा प्रस्तावित बाईपास के संबंध में जानकारी मांगी। मंत्री ने बताया कि भूमि अधिग्रहण के लिए 111.04 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 73.68 करोड़ रुपये अब तक वितरित किए जा चुके हैं। हालांकि शेष राशि के भुगतान की समय सीमा को लेकर स्पष्ट संकेत नहीं दिए गए, जिससे प्रभावित किसानों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सांसद नीरज मौर्य ने कहा कि सड़क अवसंरचना का विकास केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रभावित परिवारों को समयबद्ध मुआवजा और क्षेत्र की बढ़ती यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक योजना भी बनाई जानी चाहिए।

बरेली-मथुरा मार्ग पर यातायात दबाव लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में भविष्य में छह लेन विस्तार की संभावनाओं से इंकार करना क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से पर्याप्त नहीं माना जा रहा। सरकार के जवाब से यह संकेत मिलता है कि वर्तमान में प्राथमिकता चल रहे चार लेन और बाईपास परियोजनाओं को पूरा करने की है, लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों की मांग है कि आने वाले वर्षों की जरूरतों को देखते हुए राजमार्ग के व्यापक उन्नयन की स्पष्ट रणनीति तैयार की जाए।

## स्वच्छता केवल नियमों तक सीमित नहीं, सभी की जिम्मेदारी



बैठक में मौजूद नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य व अन्य। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर आयुक्त ने फील्ड कार्य और टीम समन्वय की समीक्षा की
- सभी जोन के सफाई निरीक्षक, अधिकारी व कर्मियों ने लिया भाग

**अमृत विचार:** नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों में जुटा है। इसी क्रम में गुरुवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने निगम सभागार में समीक्षा बैठक की। जिसमें सभी जोन के सफाई निरीक्षक, सफाई नायक, सफाई मित्र, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण कर्मी और स्वच्छ भारत मिशन टीम के सदस्य शामिल हुए।

नगर आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता केवल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रेरित किया कि वे पूरी निष्ठा और लगन से काम करें, ताकि शहर को खुले में शौच मुक्त और गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय ने भी विचार रखे। पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानू प्रकाश, उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नैन सिंह, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

## परीक्षा का डर, याद नहीं हो रहा कुछ भी सर..

कार्यालय संवाददाता, बरेली



इंटर कॉलेज में पहुंची मन कक्ष की टीम ने बांटे पुरस्कार और प्रमाण पत्र। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आते ही छात्र-छात्राओं में डर सा बैठ गया है उन्हें लगता है उन्हें कुछ याद नहीं हो रहा है और उन्हें जो याद था उसे भी वह भूलते जा रहे हैं। परेशान छात्र-छात्राओं को लेकर परिजन जिला अस्पताल के मन कक्ष में पहुंच रहे हैं। वहां चिकित्सक इन छात्रों की परेशानी सुनकर उनकी काउंसलिंग कर रहे हैं। मनोचिकित्सक की सलाह है कि योग और सकारात्मक सोच से इस पर जीत हासिल की जा सकती है।

जिला अस्पताल में मन कक्ष में तैनात मनोचिकित्सक आशीष कुमार ने बताया कि बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर छात्र-छात्राएं डरे हुए हैं। बीते कुछ दिनों से उनके यहां लगभग रोज तीन से चार छात्र-छात्राएं परिजनों के साथ आ रहे हैं। छात्रों की लगभग एक जैसी ही समस्या है कि उन्हें कुछ याद नहीं हो रहा है। जो याद है उसे भूलते जा रहे हैं। बोर्ड परीक्षा में फेल होने का डर लग रहा है, नंबर काम आएंगे तो लोग क्या कहेंगे इस तरह के ख्याल उन्हें बेचैन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे छात्रों की काउंसलिंग की जा रही है। उन्हें बताया जा रहा है यह एक तरह का डर है इसे योग और अच्छी सोच से सही किया जा सकता है।

> मां-बाप अगर बच्चों में एग्जाम को लेकर किसी डर को देखते हैं तो उन्हें समझाएं और उनकी काउंसलिंग करें। यह आम बात है। डर और घबराहट किसी को भी हो सकती है। यह काउंसलिंग के माध्यम से सही हो जाती है। **– आशीष कुमार**, मनोचिकित्सक जिला अस्पताल

- जिला अस्पताल के मन कक्ष में रोजाना पहुंच रहे 10वीं 12वीं के तीन-चार छात्र-छात्राएं
- मनोचिकित्सक स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं की कर रहे काउंसलिंग

### हाईस्कूल और इंटर कॉलेज में चल रहे अभियान

डॉक्टर मनमोहन ने बताया कि शहर से लेकर देहात तक के सरकारी कॉलेज में छात्र छात्रों की काउंसलिंग की जा रही है। अब तक 24 स्कूलों में छात्राओं की काउंसलिंग की गई है। यह सभी सरकारी कॉलेज हैं। यहां पर भी छात्राओं में घबराहट और बेचैनी है। उनकी टीम लगातार स्कूल जाकर छात्र-छात्राओं को काउंसलिंग के माध्यम से समझा रहे हैं। इसके साथ ही स्कूल के कुछ लोगों से छात्राओं की मेंटल हेल्थ पर नजर रखने के लिए भी कहा गया है।

## 50 से अधिक आयु वर्ग की दौड़ में चियाली चैन विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रुविवि में स्थापना दिवस पर प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 51वें स्थापना दिवस के तीसरे दिन पंडित दीनदयाल स्पोर्ट्स कॉम्पेलक्स में दौड़, राइफल शूटिंग और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का समापन हो गया।

पुरुष वर्ग 50 वर्ष से कम आयु में 100 मीटर दौड़ में प्रभात कुमार प्रथम, 200 और 400 मीटर में रोहन प्रथम रहे। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में राजमणि यादव प्रथम रहे। महिला वर्ग में 50 वर्ष से कम आयु में 100 मीटर दौड़ में आयुषी सक्सेना प्रथम, 200 और 400 मीटर में अंबिका अग्रवाल प्रथम रहीं। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में चियाली चैन 100, 200 और 400 मीटर प्रतियोगिताओं में विजेता रहीं। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. केपी सिंह, क्रीड़ा सचिव प्रो. एसएस बेदी, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, प्रो. जेएन मौर्या, उप-कुलसचिव ममता सिंह आदि मौजूद रहे।



मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी, साथ में कुलपति प्रो. केपी सिंह। • अमृत विचार

## आनंद आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष बने स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज



बैठक में मौजूद ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज व अन्य।

**बरेली, अमृत विचार :** आनंद आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष के लिए गुरुवार को बैठक हुई, जिसमें स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

दरअसल, स्वामी असंगानंद सरस्वती महाराज के ब्रह्मलीन होने के बाद आनंद आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष का पद खाली हो गया था। अध्यक्ष चुने जाने पर स्वामी ज्योर्तिमानंद सरस्वती महाराज ने सभी सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए आनंद आश्रम की सेवा में निरंतर समर्पित रहने के लिए कहा। ट्रस्ट की बैठक में प्रेम शंकर अग्रवाल को आनंद आश्रम प्रबंध समिति का अध्यक्ष चुना गया। मंत्री अनिल अग्रवाल और उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज का स्वागत किया। अनिल अग्रवाल ने बताया कि 15 फरवरी को आनंद आश्रम परिसर स्थित सहस्त्र लिंगेश्वर शिवालय में भक्तों की ओर से पूजा अर्चना प्रारंभ की जाएगी। आनंद स्वरूप अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, शशि कांत मोदी, विवेक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, नर सिंह मोदी आदि मौजूद रहे।

## उप खनिज के अवैध परिवहन पर करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली



टास्क फोर्स की बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार की देर शाम उप खनिज के वैध एवं अवैध परिवहन की प्रभावी जांच, नियंत्रण एवं रोकथाम के संबंध में गठित टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को प्रवर्तन कार्रवाई सुदृढ़ करने, नियमित जांच अभियान संचालित करने और अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के आवश्यक निर्देश दिए।

गठित टास्क फोर्स की बैठक में उत्तराखंड से बिना ट्रांजिट शुल्क और रॉयल्टी दिए जनपद में उप खनिज लाने की रोकथाम के लिए कड़ी निगरानी करने पर जोर दिया। जनवरी से अब तक उप खनिज के वैध-अवैध परिवहन की जांच, नियंत्रण के साथ की गयी कार्रवाई के बिंदुओं पर बैठक में चर्चा की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एसपी देहात मुकेश मिश्रा, खान अधिकारी मनीष कुमार, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए। बैठक में बताया कि कई कर्मचारी ड्यूटी स्थान पर अनुपस्थित रहते हैं, इस पर डीएम ने ऐसे कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश खनन अधिकारी को दिए। निर्देश दिए कि बिना एसटीपी पाये पाने पर जो चालक सड़क पर जीपीएस लॉक करते हैं, उनके पर गुंडा एवं गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई करें। ओवरलोड वाहन, धुंधला नंबर प्लेट व बड़े एक्सटेंशन के विरुद्ध कार्रवाई करें। किसी भी तरह का अवैध खनन परिवहन न हो, यदि अवैध खनन हुआ तो कार्रवाई होगी।

## सिटी डायरी

### उद्यमियों को रूफटॉप सोलर ऊर्जा के लाभ बताए



**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) बरेली चैप्टर के सहयोग से इंफ्रास्ट्रक्चर एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड एवं स्वकर्मा फाइनेंस ने पीलीभीत रोड स्थित एक होटल में ''रूफटॉप सोलर मार्केट असेसमेंट और एमएसएमई के लिए डिमांड एग्रीगेशन'' विषय पर कार्यशाला आयोजित की। जिसमें एमएसएमई इकाइयों को रूफटॉप सोलर ऊर्जा के लाभ बताए। आईआईए के कार्यकारिणी सदस्य व चयनित उद्यमियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान आनंद पांडे और सुनील कुमार ने योजनाओं व वित्तीय उत्पादों की जानकारी दी। बताया कि डिमांड एग्रीगेशन मॉडल के माध्यम से समूह आधारित वित्तपोषण से लागत को और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बनाया जा सकता है। अभिषेक दलाल व हिमांशु उपाध्याय ने इदाम इंफ्रास्ट्रक्चर एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड की भूमिका और सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि समूह आधारित सोलर इंस्टॉलेशन से लागत में कमी, बेहतर तकनीकी समाधान एवं वित्तीय लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं। अध्यक्षता चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी ने की। सचिव रजत मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, एसके सिंह, राकेश धीरवानी आदि मौजूद रहे।

### हिंदू समाज की एकता और मजबूती पर जोर



**बरेली, अमृत विचार :** श्री रस्तोगी सभा प्रबंध समिति एवं ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज जिला बरेली ने गुरुवार को रस्तोगी सभा भवन सौदागरान में सर्व हिंदू समाज महासम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें हिंदू समाज की एकता और मजबूती के लिए विचार-विमर्श किया। मुख्य अतिथि अलखनाथ के महंत कालू गिरी महाराज, कमल गिरी महाराज, शंखधार महाराज और राष्ट्रीय स्वयंसेवक के नगर कार्यवाह हरीश रहे। कृष्ण गोपाल रस्तोगी, नितेश रस्तोगी, मनोज रस्तोगी, अजीत रस्तोगी, बॉबी राजू आर्य, राहुल रस्तोगी, अखिल रस्तोगी सहित अन्य उपस्थित रहे।


### प्राकृतिक-जैविक उत्पादों के क्षेत्र में भारत वैश्विक वन-स्टॉप हब के रूप में उभर रहा



**बरेली, अमृत विचार :** जर्मनी में आयोजित दुनिया के सबसे बड़े ऑर्गेनिक और नैचुरल प्रोडक्ट्स के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में परसाखेड़ा स्थित एरोमेटिक एंड अलाइड के मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव मित्तल शामिल हुए। उन्होंने भारत के एसेंशियल ऑयल उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक मंच पर एसेंशियल ऑयल उद्योग की अपार संभावनाओं, उन्नत कृषि पद्धतियों और सीएसआईआर एरोमा मिशन के सहयोग से विकसित नई तकनीकों पर विचार रखे। बताया कि किस प्रकार इन चीजों के माध्यम से देश के लाखों किसानों और उनके परिवारों को स्थायी आय के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। भारत वैश्विक स्तर पर एसेंशियल ऑयल का वन-स्टॉप हब बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन का परिणाम है।

## अनुभव सफल हेल्थकेयर स्टार्ट-अप का मार्ग कर सकते हैं प्रशस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कार्यक्रम के दौरान शिक्षक, विद्यार्थी व अन्य। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में गुरुवार को फेकल्टी-लीड इनोवेशन स्टार्ट-अप कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नर्सिंग विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों में नवाचार उद्यमिता एवं समस्या समाधान कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम कराया गया।

मुख्य वक्ता बीएमआईएस के सीईओ कलॉडियस लाजारस ने स्टार्ट-अप संस्कृति, स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार की आवश्यकता, नर्सिंग पेशे में उभरती संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कहा कि समस्या ही नवाचार का आधार है, नर्सिंग पेशे से जुड़े जमीनी अनुभव ही भविष्य में सफल हेल्थकेयर स्टार्ट-अप का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों को तकनीक और शोध के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों एवं संकाय प्रतिभागियों को समूहों में विभाजित किया। प्रत्येक समूह को नर्सिंग पेशे से संबंधित प्रमुख समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान के लिए एक अभिनय मॉडल, स्टार्ट-अप विचार तैयार करने का कार्य दिया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्या डा. प्रियंका ए मसीह ने की। उप प्रधानाचार्या डॉ. अनीता पी व प्रो. डॉ. वेल्लादुरई नारायन ने सहयोग किया। प्रत्येक समूह ने अपने विचार स्टार्ट-अप पिचिंग मॉडल में प्रस्तुत किये। आयोजन में डॉ. लिन्धोईगाबी देवी, तरुण ध्यानी, दीपक कुमार सैम्पलन आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

### स्मार्ट सेंसर आधारित प्रणाली का प्रस्ताव रखा

विद्यार्थियों ने अस्पतालों में उत्पन्न बायोमेडिकल कचरे को सुरक्षित एवं स्वचालित पृथक्करण, ट्रैकिंग एवं निगरानी के लिए स्मार्ट सेंसर आधारित प्रणाली का प्रस्ताव रखा। जिससे संक्रमण नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण एवं कार्यक्षमता में सुधार संभव है। विद्यार्थियों ने ऐसे उपकरण की परिकल्पना प्रस्तुत की, जो आईवी फ्लूइड की गति एवं माजा को नियंत्रित एवं मॉनिटर कर सके, जिससे ओवरफ्लो मिस मैनेजमेंट की समस्या को रोका जा सके। यह उपकरण विशेष रूप से क्रिटिकल केयर एवं पीडियाट्रिक यूनिट में उपयोगी सिद्ध हो सकता है। बच्चों के लिए ऑक्सीजन स्तर की रियल टाइम मॉनिटरिंग एच डेटा रिकॉर्डिंग की डिजिटल प्रणाली का प्रस्ताव रखा।

# श्रम कानूनों को समाप्त कर श्रमिक हितों को किया कमजोर

## देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में केन्द्रीय श्रम महासंघों, खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियनों तथा संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में दिया धरना

### उठाईं मांगें




सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण और बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश बढ़ाना और स्थायी रोजगार को खत्म कर निश्चित अवधि का रोजगार लाना देश के श्रमिकों के लिए घातक है। सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों में खाली पड़े सभी पदों पर स्थायी भर्ती की मांग उठाई जा रही है। **-गीता शांत**, महामंत्री बीमा कर्मचारी संघ बरेली डिविजन



देशव्यापी हड़ताल में लगभग 30 करोड़ श्रमिक-कर्मचारी, अधिकारी और अन्य वर्गों के लोग शामिल रहे। बरेली में कई बैंकों की शाखाएं नहीं खुली। सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण का हम विरोध कर रहे हैं। चार लेबर संहिताओं को वापस लिया जाए। बैंकों और अन्य विभागों को रिक्तियों को स्थायी रोजगार से भरा जाए। ठेका प्रथा और संविदा बंद होना चाहिए। **-संजीव मल्होत्रा**, महामंत्री, ट्रेड यूनियन फेडरेशन



मजदूरों और कर्मचारियों की कार्य स्थितियां लगातार खराब की जा रही हैं। काम के घंटे बढ़ाने की कोशिश हो रही है, वहीं आउटसोर्सिंग और संविदा के कर्मचारियों से बहुत कम पैसों में काम लिया जा रहा है। एक तरह से न्यूनतम मजदूरी का नियम खत्म हो रहा है। अग्निवीर जैसी व्यवस्था और स्थायी कामों के लिए अस्थायी लोगों को रखने की व्यवस्था बंद होनी चाहिए। **-मो. फैसल**, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन



सरकार मजदूरों के सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है। पूंजीपतियों के हितों की रक्षा में श्रम कानूनों को समाप्त करके श्रमिकों की स्थिति को खराब किया जा रहा है। श्रम कानूनों में श्रमिकों और कर्मचारियों को जो भी हक और अधिकार हासिल थे, उन्हें खत्म कर दिया गया है। हम मजदूर वर्ग सरकार की इन नीतियों का विरोध करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। **-पीके माहेश्वरी**, जिला मंत्री यूपीबीयू बरेली

### हड़ताल के बावजूद इन बैंकों में हुआ कामकाज

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया तथा इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखाओं में हड़ताल के दिन गुरुवार को कामकाज हुआ।

- **सरकारी विभागों के निजीकरण का विरोध जताया गया**
- **श्रम संहिताओं और मनरेगा मुद्दे को लेकर उठी आवाज**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** केन्द्रीय श्रम महासंघों, खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियनों तथा संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर चार श्रम संहिताओं को लागू करने, मनरेगा समाप्त करने और विद्युत व बीज अधिनियम के विरोध में गुरुवार को देशव्यापी हड़ताल के तहत सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में विभिन्न संगठनों ने धरना-प्रदर्शन किया।

हड़ताल का आह्वान इंटक, सीटू, उत्तर प्रदेश खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन, संयुक्त किसान मोर्चा, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति मध्यांचल और मजदूर मंडल की ओर से किया गया। सभा का संचालन करते हुए इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश मेहता ने कहा कि 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर श्रमिक हितों को कमजोर किया गया है। धरने की अध्यक्षता करते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति मध्यांचल के संयोजक राजेन्द्र प्रसाद घिल्डियाल ने सरकारी विभागों के निजीकरण का विरोध जताया।

प्रदेश अध्यक्ष राजीव शांत ने मनरेगा को समाप्त करने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। सीटू के रामेश्वर पांडे ने श्रम कानूनों में बदलाव के संभावित प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभा को जलालुद्दीन, हरनंदन गंगवार, दुर्गा देवी, सचिन और राजेश शर्मा सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। मुख्य वक्ता संयुक्त किसान मोर्चा के मंडल प्रभारी डॉ. रवि नागर ने बीज अधिनियम पर अपनी बात रखी। धरना-प्रदर्शन में खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन की करीब 25 महिलाओं समेत सैकड़ों किसान-मजदूर शामिल रहे। कार्यक्रम में चेतन ओबराय, रवींद्र कुमार, जरनैल सिंह, इरशाद अहमद, मुख्तियार अहमद, अशफाक अहमद, निसार खां, झम्मन लाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में संयुक्त संगठनों की ओर से सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में धरना-प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार



### आयकर विभाग में रही अर्द्धदिवसीय हड़ताल, कार्य बहिष्कार



**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के आह्वान पर आयकर विभाग बरेली में अधिकारियों व कर्मचारियों ने गुरुवार को अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में कार्य बहिष्कार करते हुए अर्द्धदिवसीय हड़ताल व धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान जोनल सचिव कुलदीप गंगवार ने कैडर रिस्ट्रक्चरिंग लागू करने, आठवें वेतन आयोग की संदर्भ शर्तों में संशोधन, नई पेंशन योजना समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाली, 18 माह का बकाया महंगाई भत्ता जारी करने, अंतरराज्यीय स्थानांतरण पर लगी रोक हटाने तथा संविदा नियुक्तियों पर रोक सहित अन्य मांगों पर विस्तार से चर्चा की। धरने में अधिकारियों व कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आयकर कर्मचारी महासंघ व राजपत्रित अधिकारी महासंघ के पदाधिकारी तथा विभाग के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। आयोजकों ने आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी।

### बैंक-बीमा समेत कई विभागों में काम रहा ठप

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय श्रमिक सगंठनों की ओर से गुरुवार को अखिल भारतीय हड़ताल का बरेली में व्यापक असर देखने को मिला। बैंक, बीमा, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग और आयकर समेत कई सरकारी-अर्द्धसरकारी कार्यालयों में हड़ताल की वजह से कामकाज प्रभावित रहा। यूनियन बैंक, कैनरा बैंक, यूको बैंक सहित कई बैंक शाखाओं के ताले तक नहीं खुले। बीमा कर्मियों के हड़ताल पर रहने से शहर में सेवाएं ठप रहीं। रामपुर गार्डन स्थित यूनियन बैंक शाखा के सामने बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन की ओर से धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

- **बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के बैनर तले श्रमिकों ने यूनियन बैंक शाखा के सामने किया धरना-प्रदर्शन**

जहां सैकड़ों कर्मचारियों ने एकजुटता का प्रदर्शन किया। हड़ताल की शुरुआत में प्रगतिशील सांस्कृतिक मंच के जोशीले गीतों से कर्मचारियों का जोश देखते ही बन रहा था। हड़ताल में एटक, एचएमएस, इंकलाबी मजदूर केंद्र, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, मार्किट वर्कर्स एसोसिएशन, ऑटो-टेम्पो चालक वेलफेयर एसोसिएशन, बरेली कॉलेज कल्याण समिति, सेवानिवृत्त शिक्षक-कर्मचारी संघ और नगर निगम से जुड़े संगठनों ने नैतिक समर्थन दिया। फेडरेशन के एक माह से चल रहे अभियान का असर सहभागिता में स्पष्ट दिखा। धरनास्थल पर सरकार विरोधी नारे लगते रहे और हड़तालियों की सभा को वक्ताओं ने संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता करते हुए मुकेश सक्सेना ने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध में देशभर के करोड़ों मेहनतकश हड़ताल में शामिल हुए हैं। फेडरेशन के उपाध्यक्ष अमीर खां ने पीडब्ल्यूडी में व्यापक हड़ताल और ठेकाकरण-संविदा प्रथा समाप्त कर स्थायी भर्तियों की मांग उठाई। कर्मचारियों की ओर से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों व बीमा कंपनियों को सशक्त करने, निजीकरण-विनिवेश पर रोक, पर्याप्त भर्तियां, आउटसोर्सिंग समाप्त करने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, कॉरपोरेट ऋण वसूली और आम ग्राहकों के लिए बैंक सेवा शुल्क कम करने जैसी मांगें प्रमुख रूप से उठाई गईं।

### निजीकरण देश और कर्मचारी दोनों के हित में नहीं



**बरेली, अमृत विचार :** एन ई रेलवे मेन्स कांग्रेस इज्जतनगर मंडल की तरफ से गुरुवार को निजीकरण के विरोध में सभा का आयोजन किया गया। इसमें कर्मचारियों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। मंडल मंत्री रजनीश तिवारी, उपाध्यक्ष जयेंद्र शेखर गुप्ता, सहायक मंत्री अनिल शर्मा सहित संगठन के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को संबोधित किया। मंडल मंत्री रजनीश तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार श्रम कानून (लेबर कोड) पूरी तरह मजदूर और कर्मचारी विरोधी हैं। इन कानूनों से कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा, कार्य समय, यूनियन के अधिकार तथा सामाजिक सुरक्षा पर सीधा हमला हुआ है। इन्हें निरस्त किया जाना चाहिए। सभा में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) पर जोर देते हुए वक्ताओं ने कहा कि नई पेंशन योजना (एनपीएस) कर्मचारियों के भविष्य को असुरक्षित बनाती है। संरक्षक संतोष यादव ने कहा कि रेलवे सहित सार्वजनिक उपक्रमों का निगमीकरण एवं निजीकरण देश और कर्मचारियों दोनों के हित में नहीं है। उपाध्यक्ष जयेंद्र शेखर गुप्ता ने कहा कि मजदूर विरोधी लेबर कोड से वर्षों के संघर्ष से प्राप्त मजदूर अधिकारों को समाप्त किया जा रहा है। इस मौके पर एन ई रेलवे मैंस कांग्रेस के संरक्षक संतोष यादव, मंडल मंत्री रजनीश तिवारी, मंडल अध्यक्ष अनवारुल हसन, जयेंद्र शेखर गुप्ता, देवेंद्र सिंह, अनिल शर्मा, रिमझिम दुबे, निहारिका, वंदना कुमारी, फातिमा, ज्योत्सना, गंगा शर्मा, नीलिमा दास, दिनेश उपाध्याय, दिनेश यादव, विनय गुप्ता, मनोज यादव, कुलजीत सिंह, अर्पित कुमार, राजू कुमार, चेतराम मौजूद रहे।



### निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने की हड़ताल

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 एवं प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 को वापस लेने और पॉवर सेक्टर के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर गुरुवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने रामपुर गार्डन स्थित बिजली विभाग के कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति के संयोजक विपुल शुक्ला ने बताया कि हड़ताल की प्रमुख मांग यह है कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त की जाए।

- **विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने जताया विरोध**

उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा और दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने भी आंदोलन में शामिल होने का निर्णय लिया है। कहा कि पॉवर सेक्टर में नियमित प्रकृति के कार्यों के लिए बड़े पैमाने पर आउटसोर्सिंग की जा रही है। हड़ताल की प्रमुख मांगों में आउटसोर्सिंग पर रोक लगाना, नियमित पदों पर सीधी भर्ती करना तथा आउटसोर्स कर्मियों का नियमितीकरण भी शामिल है। दोपहर बाद रामपुर गार्डन स्थित कार्यालय में हुई हड़ताल में अधिशासी अभियंता सूर्य प्रताप सिंह, एसडीओ अभिषेक सिंह, अमित गंगवार, विपुल शुक्ला मौजूद रहे।

# रामपुर में वकील की हत्या के विरोध में वकीलों ने किया प्रदर्शन

- **मृतक अधिवक्ता के आश्रितों को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की**

विधि संवाददाता, बरेली



एडीएम जे को ज्ञापन सौंपने से पहले पढ़कर सुनाते बार एसोसिएशन के अध्यक्ष।

**अमृत विचार:** रामपुर में अधिवक्ता फारुख अहमद खां की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में गुरुवार को बरेली बार एसोसिएशन के निर्देश पर अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया और कलेक्ट्रेट पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने एडीएम जे देश दीपक सिंह को ज्ञापन सौंपा।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार हरित और सचिव दीपक पाण्डेय के नेतृत्व में गुरुवार को दोपहर अधिवक्ता कचहरी से एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। ज्ञापन के जरिये अधिवक्ताओं ने कहा कि रामपुर में अधिवक्ता फारुख अहमद खां की दिनदहाड़े निर्मम हत्या कर दी गयी। प्रदेश में वकीलों की हो रही हत्याओं से अधिवक्ता समाज में भय का माहौल है व रोष है, जबकि प्रदेश सरकार भय मुक्त प्रदेश के नारे लगाती है। प्रदेश के समस्त अधिवक्ता लगातार सुरक्षा की मांग करते चले आ रहे हैं, लेकिन सरकार अधिवक्ताओं के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए है। बार एसोसिएशन ने शासन से मृतक अधिवक्ता के आश्रितों को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता व एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को प्रदेश में तत्काल लागू किये जाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन देने वालों में बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

# विहिप ने होली के दूसरे दिन परीक्षा कराने का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विश्व हिन्दू परिषद की महानगर इकाई के पदाधिकारियों ने गुरुवार को कुछ विद्यालयों में होली के दूसरे दिन परीक्षा कराने का विरोध करते हुए कलेक्ट्रेट में नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान परीक्षा तिथि बदलवाने की मांग की।

महानगर अध्यक्ष आशू अग्रवाल, महानगर मंत्री संजय शुक्ला ने कहा है कि होली पर कुछ निजी विद्यालयों में परीक्षाएं आयोजित कराई जा रही हैं, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। कहा कि 4 मार्च को होली का रंग है और अगले दिन 5 मार्च को कई निजी स्कूलों में परीक्षा रखी गयी है। विश्व हिंदू परिषद की आपत्ति के बाद हार्टमन कॉलेज ने अपनी परीक्षा तिथि बदल ली, लेकिन केंद्रीय विद्यालय एवं महानगर के कुछ अन्य विद्यालय 5 मार्च को परीक्षा करा रहे हैं। आशु अग्रवाल, संजय शुक्ला, दिव्य चतुर्वेदी, कपिल चंदानी, कमलेश वर्मा, शोभित मिश्रा आदि मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते विश्व हिन्दू परिषद की महानगर इकाई के पदाधिकारी।

# गुदगुदाती तो कभी रिश्तों की गर्माहट से रूबरू कराती है 'खिचिक' की कहानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



विंडरमेयर में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल के चौथे दिन मुंबई से आए डी फॉर ड्रामा के कलाकारों ने 'खिचिक' का मंचन किया। शिव सुब्रमण्यम के लिखे इस नाटक का हिंदी अनुवाद और निर्देशन दिव्या जगदले ने किया है। घनश्याम लालसा और स्निग्धा आनंद प्रकाश के सधे हुए अभिनय ने कहानी को और भी खूबसूरत बना दिया। गुदगुदाता तो कभी रिश्तों की नजाकत और गर्माहट से रूबरू कराता यह नाटक दर्शकों ने खूब पसंद किया।

खिचिक दो प्रमुख किरदारों के जीवन में 45 बरसों तक फैली एक प्यारी सी कहानी है। पहले हिस्से में पूजा खन्ना (स्निग्धा) और संजीव मेनन (घनश्याम) कॉलेज में मिलते हैं और एक-दूसरे के प्यार में डूब जाते हैं। कॉलेज की पढ़ाई पूरी होती है तो दोनों अपने-अपने रास्ते चल देते हैं। दूसरे एक्ट में उनकी शादी हो चुकी है। संजीव अब वामपंथ की ओर झुकाव वाला प्रोफेसर बन चुका है और पूजा कॉरपोरेट मिडिल मैनेजमेंट में है। उथल-पुथल भरी शादीशुदा जिंदगी आखिरकार तलाक तक पहुंच कर खत्म होती है। तीसरे एक्ट में दोनों एक बार फिर मिलते हैं। दोनों अब साठ के हो चुके हैं। मानवाधिकार के मुद्दे पर कभी समझौता न करने वाले संजीव मेनन की समाज में बड़ी इज्जत है। पूजा अब अपना पब्लिशिंग हाउस चलाती हैं। उम्र के इस पड़ाव पर दोनों फिर एक-दूसरे से मिल रहे हैं, पिछले 45 बरसों की तरफ मुड़कर देखते हुए। प्यार, करियर और जिम्मेदारी की इस कहानी ने दर्शकों के चेहरे पर कभी मुस्कुराहट लाई तो कभी उन्हें भावुक कर दिया। दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश्वर सिंह ने बताया कि मुंबई से आए अर्थ थिएटर के कलाकार शुक्रवार को ''बोरो होर मर चुका है'' का मंचन करेंगे।

# यूपी बोर्ड : उत्तर पुस्तिकाओं के साथ प्रश्नपत्रों का वितरण शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **शहर में पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज को बनाया संकलन केंद्र**
- **जिले में 129 परीक्षा केंद्रों पर 18 फरवरी से शुरू होंगी परीक्षा**

**अमृत विचार:** 18 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के साथ प्रश्नपत्रों का शहर में बने संकलन केंद्र पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज से वितरण शुरू हो गया है। प्रश्नपत्रों की पैकिंग और सुरक्षा को लेकर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रश्नपत्रों को विभिन्न जिलों के मुख्य परीक्षा केंद्रों पर भेजा जा रहा है।

डीआईओएस डा. अजीत कुमार ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं को वितरण तीन दिन पहले शुरू हो चुका है। वहीं, प्रश्नपत्रों का वितरण भी बुधवार से शुरू कर दिया गया है। इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में पंजीकृत करीब 95 हजार बच्चों के लिए पांच लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाएं आई हैं। परीक्षा के लिए जिले में कुल 129 केंद्र बनाए गए हैं। अब तक 80 फीसदी उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण हो चुका है। वहीं, 57 केंद्रों पर प्रश्नपत्र भी पहुंच गए हैं। दावा कि परीक्षा से तीन दिन पहले सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित परीक्षा तिथियों के अनुसार प्रश्नपत्र समय पर पहुंचाए जाएंगे।

तैयारी

## आजाद छात्रावास के पास पुरानी बैंक बिल्डिंग में प्रवेश सेल को स्थानांतरित किया जाएगा

# बरेली कॉलेज में अब स्मार्ट होगा दाखिला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में विद्यार्थियों की सुविधाओं को विस्तार देने की कवायद शुरू हो गयी है। कॉलेज परिसर में संचालित प्रवेश सेल को जल्द आजाद छात्रावास के पास पुरानी स्टेट बैंक की बिल्डिंग में स्थानांतरित किया जाएगा। पुरानी स्टेट बैंक बिल्डिंग का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।



पुरानी बैंक बिल्डिंग का जीर्णोद्धार किया जा रहा। ● अमृत विचार

आजाद छात्रावास के पास स्थित द बैरेन हॉल काफी समय पहले एसबीआई शाखा के रूप में उपयोग किया जाता था। बैंक के नई बिल्डिंग में शिफ्ट होने के बाद से द बैरेन हॉल लंबे समय से खाली पड़ा था। अब कॉलेज प्रशासन ने इस भवन का सौंदर्यीकरण कराकर इसे प्रवेश सेल के रूप में विकसित कर रहा है। कॉलेज में नए प्रवेश सेल बनने से छात्रों को अपने दाखिले के लिए सुनिश्चित स्थान होगा। कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि नया प्रवेश सेल केवल एक कार्यालय नहीं, बल्कि एक आधुनिक सूचना केंद्र के रूप में उभरेगा। प्रवेश सेल के भीतर ही एक अतिरिक्त आईटी सेल के लिए विशेष कक्षा तैयार किया जाएगा, जिससे ऑनलाइन फॉर्म, डेटा प्रोसेसिंग और तकनीकी समस्याओं का समाधान तत्काल हो सकेगा। नए भवन में पर्याप्त जगह होने के कारण प्रवेश के समय लगने वाली लंबी कतारों और भीड़ का प्रबंधन बेहतर तरीके से हो सकेगा। विद्यार्थियों की जरूरतों को देखते हुए भवन के पिछले हिस्से में नए शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा।

### दाखिला प्रक्रिया व परीक्षाओं में न होगा व्यवधान

प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद अब कॉलेज में परीक्षाओं का चक्र वर्ष भर चलता रहता है। इसी दौरान नई प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हो जाती है। छात्रों और अभिभावकों के अधिक आवागमन से परीक्षा हॉल के आसपास शांति भंग होती है और शैक्षणिक गतिविधियों में व्यवधान पैदा होता है। नए स्थान पर शिफ्ट होने से दाखिले की प्रक्रिया और परीक्षाएं दोनों बिना किसी बाधा के समानांतर रूप से संचालित हो सकेंगी।

### नए कोर्स शुरू होते ही नए भवन में चलेंगी कक्षाएं

कॉलेज परिसर में नए परीक्षा भवन के पास तैयार हो चुकी बिल्डिंग में अब नए सत्र से कुछ नए कोर्सों को शुरू किया जाएगा। चीफ प्राक्टर डॉ. आलोक खरे ने बताया कि नए सत्र से नए कोर्सों को संचालित किया जाना है। वहीं दूसरी ओर बिल्डिंग भी बनकर तैयार है, इसलिए यहां पर ही नए कोर्सों की कक्षाएं संचालित कराए जाने का विचार किया जा रहा है।

# 15 को निकलेगी शोभायात्रा, तैयारियां तेज

**बरेली, अमृत विचार :** नाथ नगरी जलाभिषेक समिति की ओर से गुरुवार सुबह मंदिर शिवालय स्थित शिविर कार्यालय में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। इसके बाद नाथ नगरी परिक्रमा की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। समिति अध्यक्ष ब्रजवासी लाल अग्रवाल ने बताया कि 15 फरवरी को दोपहर 12 बजे सेठ गिरधारी लाल मंदिर श्यामगंज से जलाभिषेक शोभायात्रा निकलेगी। परिक्रमा मार्ग में वनखंडीनाथ, पशुपतिनाथ, धोपेश्वरनाथ, तपेश्वरनाथ, मढ़ीनाथ, अलखनाथ और त्रिवटीनाथ मंदिर शामिल रहेंगे, जहां महाआरती व प्रसाद का वितरण होगा। बैठक में समिति पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।